रविवासरीय हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
2 मार्च 2025, बरेली

PAGE NO, 04, BOTTOM

# ठेकेदार इलेवन को हरा एसआरएमएस चैंपियन

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट
- एसआरएमएस ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 211 रन बनाए

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने ठेकेदार इलेवन को 30 रन से पराजित कर श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को एक लाख एक हजार रुपये और ठेकेदार इलेवन को 51 हजार रुपये प्रदान किए।

श्री राम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को पहले खेलते हुए एसआरएमएस ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 211 रन बनाए। बदले में ठेकेदार इलेवन की टीम 9 विकेट पर 19.3 ओवर में 181 रन ही बना पाई। एसआरएमएस के गेंदबाज गोल्डी मलिक ने 4 ओवर में 4 विकेट हासिल किए। टूर्नामेंट की चार पारियों में 222 रन बनाने वाले आईके कलेक्शन एसजी कैंट के खिलाड़ी सत्यम संगू को मैन आफ द सीरीज चुना गया। ट्राफी के साथ 5100 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। फाइनल मैच में 43 गेंदों पर 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 84 रन बनाने वाले एसआरएमएस के अनंतवीर को मैन आफ द मैच चुना गया। सीडीओ जग प्रवेश, पीएनबी के एजीएम उमेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति और इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल डा.प्रभाकर गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



ठेकेदार इलेवन को हराकर एसआरएमएस ने क्रिकेट ट्राफी पर किया कब्जा।